एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026,

PAGE NO, III, BOTTOM

डिग्री से ज्यादा स्किल की अहमियत: देव मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 4.0 का गुरुवार को संस्थान के संस्थापक और अध्यक्ष देव मूर्ति ने उद्घाटन किया। उन्होंने कौशल विकास पर विशेष बल देकर कहा कि केवल उपाधि प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि दक्षता और हुनर कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

चेयरमैन ने प्रथम स्थान वाली टीम को 31 हजार रुपये के स्थान पर 41 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। देव मूर्ति ने शिक्षण संस्थानों में केवल कागजी डिग्रियां बांटने वाली प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए वास्तविक ज्ञान अर्जन और आत्म-सुधार पर जोर दिया ताकि युवा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

हैकाथॉन को संबोधित करते देव मूर्ति।

- एसआरएमएस सीईटी में गुरुवार को तीन दिवसीय हैकाथॉन 4.0 का आगाज

कार्यक्रम के निदेशक डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि तमिलनाडु, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली की कुल 60 टीमें हिस्सा ले रही हैं। शनिवार को शिक्षाविदों और विशेषज्ञों का एक निर्णायक मंडल सभी मॉडलों का मूल्यांकन करेगा। अंतिम दिन विजेताओं के नाम घोषित किए जाएंगे। ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजी. सुभाष मेहरा, डा. शैलेश सक्सेना, डॉ. एमएस बुटोला, डा.जसप्रीत कौर, डा.मुत्थु महेश्वरी, डा.ऋतु सिंह, डा.अनुज कुमार, डा.अमित शर्मा, डा.सौरभ गुप्ता, डा.सत्य देव, इंजी. अश्विनी चौहान, निपुन पांडेय आदि मौजूद रहे।